केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

दिनांक: 26.03.2018

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/82
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00073
CICOM/R/2017/01492

अपीलकर्ता : श्री पवन जय जैन,
आर गली, ओ.बी.सी. के सामने,
क्री मोहल्ला, विदिशा,
मध्य प्रदेश – 464001.

निर्णय की तारीख : 26.03.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 06.12.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 12.01.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री एस. एस. रोहिल्ला |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 24.02.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 112/19.03.2018 (116898/16.03.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 06.12.2017 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील सं. CIC/SH/A/2014/001893 से संबंधित तीन बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री एस. एस. रोहिल्ला, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (एस.बी.) कार्यालय द्वारा सूचना उपलब्ध करवाने हेतु अतिरिक्त शुल्क की मांग के विरुद्ध अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है तथा अनुरोध किया है कि आवेदक गरीबी रेखा से नीचे का है इसलिए अधिनियम के अनुसार उन्हें नि:शुल्क सूचना प्रदान की जाए ।

2. संबंधित संचिका एवं प्रथम अपील का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता द्वारा उक्त आर.टी.आई. आवेदन के साथ भी बी.पी.एल. श्रेणी का दस्तावेज संलग्न किया गया है, अत: श्री एस. एस. रोहिल्ला, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (एस.बी.) कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के दस दिनों के अपीलकर्ता को वांछित सूचना नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :
1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री एस. एस. रोहिल्ला, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (एस.बी.) कार्यालय, नई दिल्ली ।

C.I.C./के॰ सू॰ आ॰
RECEIVED
26 MAR 2018
D. No.
Initials